बिहार सरकार
मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-446
06/12/2019

बाबा साहेब डॉ0 भीमराव अम्बेदकर को शत्–शत् नमन करते हुये श्रद्धांजलि अर्पित की गई

पटना, 06 दिसम्बर 2019 :– बाबा साहेब डॉ0 भीमराव अम्बेदकर के महापरिनिर्वाण दिवस के अवसर पर राजकीय समारोह पटना हाई कोर्ट के निकट बाबा साहेब डॉ0 भीमराव अम्बेदकर प्रतिमा प्रांगण में आयोजित किया गया। मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने बाबा साहेब डॉ0 भीमराव अम्बेदकर की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर जल संसाधन मंत्री श्री संजय झा, विधान पार्षद श्री संजय कुमार सिंह उर्फ गांधीजी, राज्य नागरिक परिषद के पूर्व महासचिव श्री अरविंद कुमार सिंह सहित अनेकों सामाजिक, राजनीतिक कार्यकर्ता एवं प्रबुद्ध नागरिकों ने बाबा साहेब डॉ0 भीमराव अम्बेदकर की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग के कलाकारों ने भजन, कीर्तन के साथ बाबा साहेब डॉ0 भीमराव अम्बेदकर की जीवनी पर आधारित गीतों का गायन कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

******